प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक: 25 अक्टूबर, 2024 :

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें, जिससे समाज के साथ-साथ राज्य और राष्ट्र भी उन पर गर्व कर सके।

यह उल्लेखनीय है कि डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के इन विद्यार्थियों द्वारा 'कारगिल विजय दिवस' के उपलक्ष्य में लद्दाख के माननीय उप राज्यपाल को पेंटिंग भेजा गया था। लद्दाख के माननीय उप राज्यपाल द्वारा इन विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए राज भवन, राँची को एक पत्र प्रेषित किया गया।

उक्त अवसर पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल महोदय को अपनी पेंटिंग भेंट की, जिसका राज्यपाल महोदय ने अवलोकन कर उनकी कलात्मक कृति की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एक छात्रा द्वारा राज्यपाल महोदय को स्वरचित पुस्तक की प्रति भी भेंट की गई।

इस अवसर पर डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों ने राज भवन उद्यान का भी भ्रमण किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के महानिरीक्षक श्री कमलजीत सिंह बन्याल ने भेंट की। इस अवसर पर महानिरीक्षक श्री बन्याल ने राज्यपाल महोदय को सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग द्वारा आयोजित होने वाले 'दीक्षांत परेड' में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।